## सार-समाचार

### आर्थिक रूप से कमजोर की सहायता

**रेवदर, (निसं)।** युवक के लिए सोशल मीडिया ने जीवन को नई दिशा दिखाने का काम किया है। आर्थिक स्थिति ठीक ना होने से सोशल मीडिया पर की गई पहल ने युवक के उपचार में राहत पहुँचाई है। जानकारी अनुसार रेवदर तहसील के उडवारिया निवासी ओटाराम देवासी चार दिन पहले घर पर अकेला था, रात्रि में चक्कर आने से वह गिर गया और सिर पर गम्भीर चोट लगने से बेहोश हो गया था। सुबह आस पडोस के लोग रोज की भांति ओटाराम के नहीं दिखने पर घर पर देखा तो वह बेहोशी की हालात में अकेला पडा था, जिसको पडोसी व उनके भाई ने पालनपुर अस्पताल पहुंचाया। पालनपुर में ऑपरेशन के लिए आर्थिक स्थिति कमजोर होने पर उदयपुर के महाराणा भुपाल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ओटाराम देवासी के माता पिता नहीं होने व आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं व भामाशाहों ने उसकी सहायता की। सोशल मीडिया के माध्यम से अब तक ओटाराम के लिए 1 लाख 22 हजार रुपए की आर्थिक सहायता पहुँचाई गई है,अस्पताल पहुंचकर सरपंच जेताराम चौधरी, भोपाजी गोदाराम चौधरी,समाजसेवी भेराराम देवासी, हिराराम देवासी,सवाराम,भूदाराम, मूलाराम ने स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### सड़क हादसों में दो लोगों की मृत्यु

**जोधपुर, ( कांस)।** जिले के शेरगढ़ थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग सडक़ हादसों के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने कार्रवाई के बाद परिजनों को दोनों शव सौंप दिए है। थानाधिकारी सवाई सिंह ने बताया कि सोहनगढ़ देवीगढ़ निवासी चैनाराम जाट ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसका चचेरा भाई लक्ष्मण राम मोटरसाइकिल लेकर घरेलू काम से साई जा रहा था। तभी बिजलीघर के पास सामने से आ रही कार ने साइड में चल रहे लक्ष्मण राम की बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल कार में शेरगढ़ अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। वहीं बापू नगर निवासी दौलतराम ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसके पिता हजारीराम रात को इको गाड़ी लेकर शेरगढ़ से बालेसर की तरफ जा रहे थे। गाड़ी में राजूराम भी था और गाड़ी नकताराम चला रहा था। खिरजा सरहद पर सडक़ पर अचानक नील गाय आने से उसे बचाने के चक्कर में गाड़ी असंतुलित होकर कार पलटी खा गई जिससे तीनों को चोटें आई। इस दौरान उसके पिता हजारी राम को गंभीर चोटें आने के कारण मौत हो गई।

### होटल में रूकी युवती की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** रेलवे स्टेशन के सामने एक होटल में बीती रात को 24 वर्षीय युवती की संदिग्ध हालत में तबीयत बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका अपनी दो सहेलियों के साथ आकर होटल में रुकी थी। दोनों सहेलियों का भी महात्मा गांधी हॉस्पिटल में उपचार करवाया गया था। वहीं युवती की मौत की सूचना के बाद उदयमंदिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने युवती के शव को मोर्चरी में रखवाया है और उसके परिजनों को सूचित किया गया। उदयमंदिर थानाधिकारी सुरेन्द्रसिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ निवासी 24 साल की एक युवती और दो अन्य युवतियों ने शुक्रवार को रेलवे स्टेशन के पास होटल में कमरा लिया था। देर रात एक युवती की तबीयत खराब हो गई। उसे महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतका के साथ रुकी दो अन्य युवतियों की भी तबीयत खराब हुई थी, लेकिन उपचार के बाद दोनों स्वस्थ बताई जाती हैं। तीनों युवतियां जोधपुर क्यों आई थी और होटल में ठहरने का क्या कारण था यह अभी तक पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने मृतका की मौत पर कोई संदेह व्यक्त नहीं किया है। हालांकि पोस्टमार्टम के बाद ही मृत्यु का कारण पता लग पाएगा।

### ग्रामीण महिला के बैंक खाते से ठगी

**जोधपुर, (कासं)।** साइबर ठग इन दिनों साइबर ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक महिला को शिकार बनाकर उसके खाते से रुपए निकाल लिए। ठगों ने महिला के बैंक अकाउंट की डिटेल्स लेकर उसे झांसे में लिया और एक लाख 32 हजार रुपए की ठगी कर ली। कुछ दिनों बाद बैंक बैलेंस चैक किया तो खाते से रुपए गायब पाकर महिला के होश उड़ गए। अब महिला की और से थाने में रिपोर्ट देकर साइबर ठग के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। थाने में दी रिपोर्ट में निर्मला शर्मा निवासी बोरुंदा ने बताया कि 29 मार्च को सुबह 10 बजे उसके खाते से 1 लाख 32000 की साइबर ठगी हो गई। उसके पीएनबी बैंक के खाते से झारखंड निवासी पंकज कुमार दास ने पैसे निकाल लिए। कई दिनों तक इसका पता नहीं चला। 26 अप्रैल को निजी काम को लेकर उन्होंने रुपए ट्रांसफर करना चाहे तो रुपए ट्रांसफर नहीं हुए। इस पर बैंक का बैलेंस चेक किया तो खाते में पैसे गायब मिले। पड़ताल करने पर ठगी का पता चला। अब महिला ने पंकज कुमार नाम के युवक के खिलाफ रिपोर्ट दी है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### जैन रत्न परिषद् का स्नेह मिलन संपन्न

**जोधपुर, (कासं)।** श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तथा युवा संगठन श्री जैन रत्न युवक परिषद जोधपुर का स्नेह मिलन समारोह रविवार को स्थानीय शाहीबाग में संपन्न हुआ। युवक परिषद के अध्यक्ष गजेंद्र चौपड़ा ने बताया कि प्रातः 9 बजे से सामूहिक सामायिक साधना एवं प्रार्थना के साथ इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात दिन भर विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के साथ संघ के सदस्यों का आत्मीय स्नेह मिलन कार्यक्रम चला। मीडिया प्रभारी दीपक कुमार सिंघवी ने बताया कि इस कार्यक्रम में सभी युवारत्न अपने परिवार सहित शामिल हुए। जोधपुर रत्न संघ के सभी परिवारों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। युवक संघ की आगामी गतिविधियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। अनेक ज्ञानवर्धक एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में बच्चों भागीदारी भी निभाई।

### जन्म कल्याणक महोत्सव का समापन

**जोधपुर , (कासं)।** श्री महावीर जैन नवयुवक मण्डल एवं भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से तीर्थंकर भगवान महावीर के 2623वें जन्म कल्याणक महोत्सव का रविवार को समापन हो गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतिम दिन आज भजन संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभाओं सहित कार्यक्रम में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। मीडिया प्रभारी प्रवीण सुराणा ने बताया कि महावीर जयंती के श्रृंखलाबद्ध चल रहे कार्यक्रमों के समापन पर भजन संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को पावटा स्थित भगवान महावीर उद्यान में रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान भगवान महावीर जन्म कल्याणक शोभायात्रा में भाग लेने वाली सभी संस्थाओं का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### भा.वि.प. पोकरण सर्वश्रेष्ठ नवीन शाखा

**पोकरण, (निसं)।** भारत विकास परिषद् राजस्थान पश्चिम् प्रान्त की प्रांतीय बैठक व दायित्व ग्रहण समारोह सुमेरपुर में आयोजित किया। जिसमें निम्बा राम क्षेत्रीय प्रचारक , जोराराम कुमावत कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार,विनोद आढा क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव , जगदीश शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष राजस्थान पश्चिम् प्रान्त की मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गयी। जिसमें पोकरण शाखा को सर्वेश्रेष्ठ नवीन शाखा का सम्मान दिया। शाखा अध्यक्ष अभय कुमार अग्रवाल शाखा सचिव कुम्भसिंह चम्पावत शाखा कोषाध्यक्ष अचलदान रतनू व जितेन्द्र विस्नोई ने भाग लिया शाखा सचिव कुम्भसिंह चम्पावत ने बताया कि पोकरण में भारत विकास परिषद् की शाखा का गुणगान पिछले वर्ष किया गया। शाखा को साप्ताहिक योग शिविर व पर्यावरण जागरूकता व ओर संरक्षण के कार्य के लिये भी सम्मानित किया गया।

### आर.टी.आई. के निःशुल्क प्रवेश का उत्साह

**जोधपुर, ( कांस)।** टीपू सुल्तान सेवा संस्थान राजस्थान की ओर से आरटीआई के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए रविवार को कैंप का आयोजन किया गया जिसमें लोग उमड पडे। संस्था प्रमुख सरफराज खान ने बताया कि टीपू सुल्तान सेवा संस्थान द्वारा शिक्षा का अधिकार के तहत निजी विद्यालयों में बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिए आरटीई कैंप आयोजन रविवार को सोमानी कॉलेज गली नं. 8 देवी रोड पर सुबह 10 बजे से मध्यान्ह 4 बजे तक रखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष वसीम अकरम, उपाध्यक्ष शाहरूख एसएस, आसिफ अली, मोहम्मद कासिम, अयान खान, अमीन खान, फेजान लोदी, अल्ताफ, सरफराज आलम, सैफ अली सहित टीपू सुल्तान सेवा संस्थान परिवार के सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा।

# जालोर-सिरोही क्षेत्र के आठ विधानसभा में छह में महिला, दो में पुरुष आगे

**जालोर, (कासं)।** लोकसभा आम चुनावों के तहत जालोर संसदीय क्षेत्र में जालोर जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं ने मतदान करने में आगे रही। वही दो विधानसभा में पुरुषों ने ज्यादा रुची दिखाई। जबकि सिरोही जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों में महिलाओं मतदान के प्रति रुचि दिखाते हुए पुरुषों से आगे रही। सिरोही जिले में महिलाओं के मतदान के प्रति रुचि दिखाने से पुरुषों से 2.63 प्रतिशत मतदान ज्यादा हुआ।

जालोर जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.70 व महिलाओं का 62.59 प्रतिशत मतदान रहा। वही सिरोही जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.07 व महिलाओं का मतदान प्रतिशत 64.70 रहा।

सिरोही जिले में महिलाओं ने 2.11 प्रतिशत अधिक मतदान कर जालोर को पीछे छोड़ दिया। वही सिरोही में पुरुषों के बजाय महिलाओं का मतदान 2.63 प्रतिशत ज्यादा रहा।

जालोर जिले के सांचौर व रानीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में महिलाऐं पुरुषों के बजाय पीछे रही। सांचौर विधानसभा क्षेत्र में भी महिलाए पुरुषों से पीछे रही। जबकि सिरोही जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रो में महिलाओं ने बाजी मारी।



जालोर में महिलाओं ने मतदान करने को लेकर उत्साह दिखाया। फोटो-राष्ट्रदूत

### जालोर में मतदान सिरोही जिले से 00.68 प्रतिशत कम

जालोर संसदीय क्षेत्र में कुल 62.89 प्रतिशत मतदान हुआ जिसमें जालोर जिले में 62.65 प्रतिशत व सिरोही जिले में 63.33 प्रतिशत मतदान रहा। वही सर्वाधिक मतदान पिण्डवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 67.22 प्रतिशत तथा सबसे कम आहोर विधानसभा में 57.01 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार जालोर विधानसभा में 63.19 प्रतिशत भीनमाल विधानसभा में 62.38 प्रतिशत, सांचौर विधानसभा में 66.14 प्रतिशत, रानीवाड़ा विधानसभा में 63.95 प्रतिशत, सिरोही विधानसभा में 58.10 प्रतिशत व रेवदर विधानसभा में 65.84 प्रतिशत मतदान हुआ।

उन्होंने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र में 62.48 प्रतिशत पुरूष मतदान व 63.35 प्रतिशत महिला मतदान रहा जिसमें जालोर जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.70 व महिलाओं का 62.59 प्रतिशत मतदान रहा। सिरोही जिले में पुरूष मतदाताओं का प्रतिशत 62.07 व महिलाओं का मतदान प्रतिशत 64.70 रहा।

जालोर जिले की आहोर विधानसभा में 55.28 प्रतिशत पुरूष व 58.92 प्रतिशत महिला मतदान, जालोर विधानसभा में 62.52 प्रतिशत पुरूष व 63.95 प्रतिशत महिला मतदान, भीनमाल विधानसभा में 62.21 प्रतिशत पुरूष व 62.58 प्रतिशत महिला मतदान, सांचौर विधानसभा में 68.26 प्रतिशत पुरूष व 63.75 प्रतिशत महिला मतदान, रानीवाडा विधानसभा में 64.37 पुरूष व 63.48 प्रतिशत महिला मतदान, सिरोही विधानसभा में 56.08 पुरूष, 60.26 प्रतिशत व महिला मतदान मतदान, पिण्डवाडा-आबू विधानसभा में 65.77 पुरूष व 68.75 प्रतिशत तथा रेवदर विधानसभा में 65.49 पुरूष व 66.22 प्रतिशत महिला मतदान रहा।

उन्होंने बताया कि जालोर संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों में हुए मतदान में कुल 14 लाख 44 हजार 866 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें 7 लाख 53 हजार 197 पुरूष व 6 लाख 91 हजार 655 महिला मतदाताओं व 4 ट्रांसजेण्डर ने मतदान किया।

### विश्व मलेरिया दिवस मनाया

**बालोतरा, (नि.सं.)।** विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग में जिला मुख्यालय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वी. आर. चौधरी की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते सीएमएचओ डॉ. वी. आर. चौधरी ने कहा की मलेरिया एक जानलेवा बीमारी हैं। ये मादा एनाफिलिस मच्छर के काटने पर होता है।

जहां गंदगी और गंदा पानी फैला रहता है उस जगह इस तरह के मच्छर फैल जाते है और आस पास रहने वाले लोग इसके काटने पर मलेरिया बीमारी से ग्रसित हो जाते है।

इसलिए हमें अपने आस पास गंदगी को फैलने से रोकना होगा और दुसरो को भी जागरूक करना होगा। ताकि इस तरह की बीमारी को काबू में किया जा सके।

कार्यक्रम के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

ने आशाओं को कहा कि आप अपने नियमित कार्य हेतु फील्ड में जब लोगों के बीच जाती हो तो मलेरिया के रोकथाम हेतु प्रयास जरूर करें। साथ ही लोगों को इसके लक्षण और उपचार हेतु भी जागरूक करें ताकि इस बीमारी पर संपूर्ण निजाजत मिल सके।

मलेरिया रोकथाम को लेकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने हेतु आहवान किया।

# सामूहिक विवाह समारोह की पत्रिका का विमोचन



जालोर में श्रीयादे सेवा संस्थान की ओर से अक्षय तृतीया पर आयोजित सामूहिक विवाह को लेकर आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर, (कासं)।** श्रीयादे सेवा संस्थान जालोर की ओर से आगामी 10 मई अक्षय तृतीया को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह समारोह की तैयारी जोरों पर चल रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज आयोजित कार्यक्रम के तहत श्रीपतिधाम नंदनवन राजपुरा के संस्थापक गोविन्द वल्लभदास महाराज के कर कमलों से रविवार को सामूहिक विवाह समारोह की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया।

■ **सामाजिक सरोकार के आयोजनों की प्रशंसा हुई**

संस्थान के सचिव किशोर देवड़ा ने बताया कि संस्थान के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए गोविंद वल्लभदास महाराज ने सामाजिक सरोकार के लिए आयोजित होने वाले ऐसे कार्यक्रमो की प्रशंसा की। महाराज ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे कार्यक्रमों के आयोजन से सामाजिक सबलता मिलती है। उन्होने संस्थान के सदस्यों को सामाजिक सरोकार के आयोजन पर बधाई व आशीर्वाद दिया। सेवा संस्थान के अध्यक्ष नरपत आर्य ने गोविंद वल्लभदास महाराज को समूहिक विवाह समारोह में वर वधू को आशीर्वाद देने आने के लिए आमंत्रण दिया। इस दौरान संस्थान के गलबाराम आर्य, श्याम देवडा, सुरेश पोनेचा, मदनलाल मेवाडा, जुटाराम परमार, पारसमल परमार, राजू भाई सिसोदिया सहित कई जने मौजूद थे।

### ई-आरसी व ई-लाईसेन्स घर बैठे

**जालोर, (कासं)।** परिवहन विभाग की ओर से 1 अप्रेल से नए ड्राईविंग लाईसेन्स और वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र एवं इनसे सम्बन्धित सेवाएं जैसे नवीनीकरण, हाईफोथिकेशन आदि स्मार्ट कार्ड के के स्थान पर ई-आरसी व ई-लाईसेन्स जारी किये जायेंगे।

जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय ने बताया कि इससे स्मार्ट कार्ड के रूप में लगने वाले दो सौ रूपये के शुल्क की बचत होगी। यह भुगतान अब आवेदक को नहीं करना होगा। आवेदक घर बैठे अपने स्तर पर परिवहन सेवा सिटीजन पोर्टल पर या अपने नजदीकी ई-मित्र केन्द्र के जरिए ई-डीएल एवं ई-आरसी डाउनलोड कर ए-4 पेपर/पीवीसी कार्ड पर प्रिन्ट ले सकेंगे। जिला परिवहन अधिकारी छगनलाल मालवीय ने बताया कि परिवहन विभाग की इस अतिरिक्त सुविधा के लिए जिला परिवहन कार्यालय में ई-मित्र प्लस सेल्फ सर्विस मशीन स्थापित की जा चुकी है। जिससे सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा निर्धारित शुल्क पर ई-डीएल एवं ई-आरसी डाउनलोड कर ए-4 पेपर/पीवीसी कार्ड पर प्रिन्ट ले सकेंगे। ई-डीएल एवं ई-आरसी पर क्यूआर कोड अंकित होगा, जिसे स्कैन कर वाहन पंजीयन और लाईसेन्स की प्रमाणिकता की जांच की जा सकेगी। यह क्यूआर कोड मोबाईल से भी स्कैन किया जा सकता है।

इसकी विस्तृत जानकारी देने के लिए वाहन डीलर, ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों व ईमित्र के साथ बैठक की जा चुकी है।

## जन आधार के लिए विशेष शिविर आज से

**बालोतरा, (नि.सं.।** जन आधार में आधार सीडिंग एवं मोबाईल नम्बर जुडवाने के साथ विभिन्न आधार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आज से आधार कैंप आयोजित होंगे।

बालोतरा पंचायत समिति के विकास अधिकारी हीराराम कलबी ने बताया कि आधार में आधार सीडिंग एवं मोबाईल नम्बर जुडवाने के साथ विभिन्न आधार संबंधी समस्याओं के सामाधान हेतु ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार से आधार कैंप आयोजित किए जायेंगे। जिसमें कलस्टर में आने वाली ग्राम पंचायतों में आमजन को मुख्यालय पर लाकर पेंशन तथा जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिला सकें।

उन्होंने बताया कि 29 से 30 अप्रैल टापरा ग्राम पंचायत भवन में आधार कैंप आयोजित किया जाएगा। जिसमें टापरा, असाडा, जागसा, बुडीवाडा, सुरसिंह का ढाणा, कालुडी व भाखरी खेडा ग्राम पंचायत के लोगों के जन आधार में आधार सीडिंग एवं मोबाईल नम्बर जुडवाने के साथ विभिन्न आधार संबंधी समस्याओं के समाधान करते हुए लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

इसी प्रकार 02 एवं 03 मई को दुदवा ग्राम पंचायत भवन में दुदवा, दुदवा मल्लीनाथ, खड्ढू, गोल स्टेशन, भीमरलाई, चंदेसरा और अकदली बक्सीराम ग्राम पंचायत के लोगों को आधार कैंप का लाभ दिलाया जाएगा।

विकास अधिकारी ने बताया कि 06 तथा 07 मई को कनाना ग्राम पंचायत भवन में आधार कैंप आयोजित कर कनाना, पारलू, उमरलाई, सराना, जानियाना, बिठूजा और किटनोड ग्राम पंचायत के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। 13 और 14 मई को पचपदरा ग्राम पंचायत भवन ने पचपदरा, मंडापुरा, भाण्डियावास, नेवाई, रैवाडा मैया, गोपडी, रामसीन, मुंगडा व खेड ग्राम पंचायत के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

इसी प्रकार 16 और 17 मई को जसोल ग्राम पंचायत भवन में कैंप आयोजित करते हुए जसोल, मेवानगर, वरिया वरेचा, सिणली जागीर, कितपाला, तिलवाडा, आसोतरा व माजीवाला ग्राम पंचायत के लोगों को लाभान्वित किया जाएगा।

उन्होंने सभी ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि कैंप आयोजन का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि शत प्रतिशत आधार सम्बन्धित समस्या के कारण रूकी हुई पेन्शन सत्यापन संभव हो सके।

उन्होंने सहायक विकास अधिकारियों को अपने आवंटित कलस्टर अनुसार शिविर आयोजन की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पर्यवेक्षण करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम विकास अधिकारी एवं कनिष्ठ सहायकों को शिविर स्थल पर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पेंशनर को किसर प्रकार की असुविधा न हों।

# वरिष्ठ नागरिक समिति के सिल्वर जुबली कार्यक्रमों का समापन

**पाली, (नि.सं.)।** रविवार को करण सिंह की चाली स्थित सभागार में डॉ. रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता में वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत ने सर्वप्रथम पिछले माह की कार्यवाही पढ़ करके सुनाई, जिसका सभी सदस्यों ने हाथ खड़े करके अनुमोदन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री डॉ. अर्जुन सिंह जी शेखावत के मुख्य आतिथ्य, जिला अध्यक्ष डॉ. रामलाल मोहबारशा की अध्यक्षता व वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवरत्न मल गुप्ता व नूतन बाला कपिला के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। सिल्वर जुबली कार्यक्रमों के समापन के अवसर पर 60 वर्ष से अधिक व 75 वर्ष से कम आयु के वरिष्ठ नागरिकों का अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवम स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले वरिष्ट नागरिक दिनेश दवे, घनश्याम भटनागर, कृष्ण चंद्र जोशी ,ओटा राम सोलंकी, गोपाल दास मुंदडा ,वृद्धि चंद, भंवर सिंह भाटी, छोटू सिंह उदावत ,चैन सिंह गहलोत, गणपत सिंह दहिया, गणेशाराम, नूतन बाल कपिला, मूल कंवर ,पुष्पा परिहार, रामलाल गर्ग ,जगाराम चौधरी, आदि को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम के शुभ अवसर पर समिति के सलाहकार डॉ. के एम शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नूतन बाला कपिला,चंद्रिका शर्मा , कांतिलाल मुथा, राजेश अरोड़ा ने अपनी कविता व भजन सुना कर श्रोताओं को आनंद विभोर कर दिया। इस अवसर पर एक प्रस्ताव पारित किया गया कि प्रांतीय संगठन वरिष्ठ नागरिक संस्थान जयपुर में कुछ जातिवादी और संकीर्ण विचारों के लोग आ गये हैं जो पक्षपात करके गलत लोगों को प्रोत्साहन दे रहे हैं, अतः वरिष्ठ नागरिक समिति जिला शाखा पाली वरिष्ठ नागरिक संस्थान जयपुर से संबंध विच्छेद करते है।




पाली में करण सिंह की चाली स्थित सभागार में वरिष्ठ नागरिक समिति की बैठक हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

सिल्वर जुबली कार्यक्रमों के अंतर्गत अप्रैल 2023 में पाली के पूर्व जिला कलेक्टर दिनेश चंद्र जैन द्वारा उक्त कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। बाद में 75 वर्ष से अधिक उम्र वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान, एक दिवसीय मेडिकल कैंप रखा गया। पाली के स्वतंत्रता सैनानियों का सम्मान, पत्रकारों का सम्मान, पाली जिले के भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान, सर्वधर्म सदभाव सम्मेलन का आयोजन और 75 वर्ष से अधिक उम्र से अधिक का सम्मान समारोह भी आयोजित किये गए। इस अवसर पर पदमश्री अर्जुन सिंह शेखावत ने अति प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपना आशीर्वाद दिया।

पाली अरबन कोऑपरेटिव बेंक पूर्व अध्यक्ष मीरा गुप्ता ने भी इस कार्यक्रम के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।

कार्यक्रम में माणक चंद , घीसा लाल, मदन गहलोत , सुवालाल पेडीवाल, भंवरलाल मेवाड़ा ,राधेश्याम भाटी, हिम्मताराम फुलवारी ,प्रमोद कुमार माथुर, बाबूलाल अठावाल, गिरधारी राम जाट, सुरेश कुमार जालोरा, गोपी किशन माहेश्वरी, हंसा राम चौधरी, ओम प्रकाश अग्रवाल, सुनील कुमार, शिव प्रसाद परिहार, कमल किशोर अग्रवाल ,रामदयाल गांधी, बृज मोहन पुरोहित ,भगवान सहाय ओझा ,लालचंद ,रामस्वरूप, धनसिंह बडगूजर, चंपालाल सुथार , जालाराम गर्ग, कांतिलाल मुथा, गोविंदराम, मोहम्मद फरीद, शांतिलाल जोशी, रामप्रसाद गुप्ता, चांद मोहम्मद, शौकत अली आदि मौजूद थे। आज के कार्यक्रम के भामाशाह अध्यक्ष डॉ. रामलाल मोहबारशा का माल्यार्पण एवम स्मृति चिन्ह प्रदान कर संस्था द्वारा सम्मान किया गया। संस्था महामंत्री नरपत सिंह कुंपावत द्वारा उपस्थित सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया गया। अल्पाहार के साथ बैठक के समापन की घोषणा की।

## शिक्षक संघ की बैठक हुई

**जालोर, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की प्रदेश स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा की अध्यक्षता में स्वास्तिक भवन, आदर्श विद्या मंदिर, जयपुर में आयोजित हुई। जिला मंत्री हीर सिंह राठौड ने बताया कि बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी एवं समस्त जिला अध्यक्ष ,जिला मंत्री, जिला महिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे।

जिलाध्यक्ष शैतानसिंह राजपुरोहित ने बताया कि बैठक में संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विमर्श हुआ। प्रदेशाध्यक्ष पुष्करणा ने संगठन के वार्षिक सदस्यता का विषय रखते हुए गत वर्ष हुई संगठन की सदस्यता की समीक्षा की और आगामी सदस्यता में संगठन के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। प्रदेश प्रतिनिधि गुलाब भाटी ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम ने राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के मोबाइल एप की जानकारी प्रदान की।साथ ही आंतरिक अंकेक्षण और संगठन की सुदृढता के विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि आधुनिक तकनीकी युग में संगठन का मोबाइल एप से संगठन अभी शिक्षकों के मोबाइल तक पहुंच कर संगठन को और अधिक सुदृढ बनाने में कारगर होगा।

उन्होंने अपने सारगर्भित उदबोधन में कहा की प्रत्येक कार्यकर्ता को लक्ष्य निर्धारित कर हर समय उसके पूर्ण होने की चिंता कर तय समय में पूर्ण करने का प्रयास करना चाहिए। उसके लिए सदैव विमर्श होना चाहिए। प्रत्येक उपशाखा से पूर्णकालिक कार्यकर्ता तैयार करने के लिए कहा।

उन्होंने शताब्दी वर्ष में पांच प्रण लेने की बात कही।उन्होंने सामाजिक समरसता अपने स्वयं के परिवार,विद्यालय से प्रारंभ करने पर जोर डाला।पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा हमे कम से कम पांच पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए।

उन्होंने अपने जीवन में हर क्षण सदैव स्वदेशी का पालन उपयोग करने पर जोर दिया। कुटुंब प्रबोधन अर्थात पारिवारिक मूल्यों,एकता का संरक्षण एवम उन्हें बढावा देना।उन्होंने अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करने और उनके प्रति समाज में जागरूकता उत्पन्न करने का संदेश दिया और कहा ऐसा कर हम हमारे आदर्श श्रद्धेय जयदेव पाठक को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे।

जिला मीडिया प्रभारी नरेंद्र बोहरा एवं अम्बिका प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रदेश महामंत्री महेंद्र कुमार लखारा ने बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी कार्यक्रमों को और अधिक भव्य बनाने का संकल्प लिया।साथ ही श्रद्धेय जयदेव पाठक के जन्मशताब्दी वर्ष कार्यक्रम की जानकारी दी और यह कार्यक्रम प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय स्तर पर मनाने की योजना पर जोर दिया। आगामी सदस्यता अभियान में संकुल रचना से सदस्यता अभियान को पूर्ण करने की बात की। उन्होंने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों को माननीय मुख्य मंत्री भजन लाल शर्मा के साथ 27 अप्रैल को हुई भेंट वार्ता के प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर शिक्षक संघ राष्ट्रीय जालोर के जिलाध्यक्ष , जिला मंत्री, महिला मंत्री, जिला कोषाध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों ने जयपुर में बैठक में भाग लिया। इनके साथ ही प्रदेश संरक्षक प्रहलाद , सभा अध्यक्ष अशोक शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संपत सिंह सहित विभिन्न जिलों से पधारे जिला अध्यक्ष,जिला मंत्री,प्रदेश कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

विभिन्न जिलों से आए जिला अध्यक्ष, जिला मंत्री द्वारा संकलित प्रदेश स्तरीय शैक्षिक समस्याओं और कार्यक्रमों पर मंथन हुआ।